

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 09 सितम्बर 2026


# अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा



**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए बड़वानी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की गई। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के कुशल मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गठित टीमों ने अवैध शराब के संदिग्ध ठिकानों और निर्माण स्थलों पर एक साथ दबिश दी।

### मौके पर ही पूरी तरह किया नष्ट

पुलिस की व्यापक कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध 33 आबकारी प्रकरण पंजीबद्ध किए हैं। मौके से 370.6 लीटर अवैध शराब (अनुमानित कीमत 43900 रूपए) जब्त की गई। इसके अतिरिक्त अवैध शराब बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया। 9100 किलोग्राम महुआ लहान (अनुमानित कीमत 910000 रूपए) मौके पर ही पूरी तरह नष्ट कर दिया गया।

### 33 प्रकरण किए कायम

पुलिस के अनुसार जब्त अवैध शराब 370.6 लीटर है, जिसकी कीमत 43900 रुपए है। साथ ही 9100 किग्रा महुआ लहान कीमत 910000 रूपए है।

### आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज

एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी सूरत में अवैध शराब के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा। आमजनों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़वानी पुलिस का यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पलसूद में संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



**बड़वानी, ( नवभारत )।** एसपी पद्मविलोचन शुक्ल में थाना पलसूद, आबकारी विभाग बड़वानी और इंदौर उड़ान दस्ते की संयुक्त टीम ने पलसूद क्षेत्र के अछलिया फलिया, चीखलिया में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई।

टीम ने अछलिया फलिया चीखलिया क्षेत्र में दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के स्थानों को चिन्हित कर सर्च किया। तीन अलग-अलग स्थानों पर महुआ लहान व कच्ची महुआ शराब बनाने की भट्टियां मिली, जिन्हें टीम द्वारा मौके पर ही नष्ट किया गया। लगभग 2600 किग्रा महुआ लहान जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 60 हजार रुपये है, मौके पर ही नष्ट किया। साथ ही करीब 75 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। शराब के परिवहन में प्रयुक्त 1 बाइक जब्त की। कच्ची शराब बनाने की 3 भट्टियों को नष्ट किया गया।

# बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री



**बड़वानी।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी ने आशा बालश्रम मावि में निरक्षर बच्चों को साक्षर करने का कार्य किया। क्लब सदस्यों ने प्रधान पाठक दिलीप पाटीदार, स्टॉफ और छात्रों की उपस्थिति में शैक्षणिक सामग्री स्लेट, पेंसिल, ब्लैक बोर्ड बाल पोथी दी। क्लब अध्यक्ष मनीष जैन, सचिव बुरहानी रिज़वी, सहायक मंडलाध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय, रोटेरियन सौरभ सोनू ने अध्यापक और छात्रों से अपील भी की।

एक नजर में

# शिक्षक और प्रतिभा सम्मान समारोह




**सेंधवा।** लायंस क्लब सेंधवा द्वारा शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रख्यात शिक्षाविद् पुनीता नेहरू ने व्यक्त गुरु से शिक्षक बनने की यात्रा को भी विस्तारपूर्वक रेखांकित करते हुए शिक्षक की भूमिका और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। समारोह में शिक्षा जगत की उल्लेखनीय सेवाओं और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सम्मान का मंच प्रदान किया गया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना से हुआ। क्लब सचिव संजय सिंघल ने लायंस क्लब की परंपरा के अनुरूप ध्वज वंदन कराया तथा विश्व शांति के लिए मौन रखा गया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष गोपाल तायल ने शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

# स्वर्णकार समाज प्रदेश इकाई की बैठक



**निवाली, ( नवभारत )।** खरगोन अखिल भारतीय डाल्या स्वर्णकार समाज की मध्यप्रदेश प्रदेश इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार सायंकाल खरगोन स्थित धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से समाज के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता अरुण सोनी, खंडवा ने की।

इस अवसर जिला एवं नगर अध्यक्षों ललित सोनी खंडवा, राकेश सोनी खरगोन, अरुण सोनी खंडवा, सुबोध सोनी सेंधवा, दुर्गा सोनी बड़वानी, संतोष सोनी इंदौर, चेतन सोनी कुक्षी एवं रमेश सोनी खरगोन सम्मानित किया गया।

समाज के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से त्रिलोक चंद्र सोनी, निवाली को मप्र प्रदेश अध्यक्ष चुना। किरण कुमार सोनी, सेंधवा एवं शैलेन्द्र सोनी, धनोरा को महामंत्री, विनय सोनी, ओझर को कोषाध्यक्ष, राधेश्याम सोनी, खैगांव को सह-कोषाध्यक्ष, दिलीप सोनी, सेंधवा को संगठन मंत्री दिलीप सोनी, खरगोन को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा।

प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में सुबोध सोनी सेंधवा, अशोक सोनी बेड़ियां, संतोष सोनी इंदौर, कृष्णकांत सोनी सनावद, डॉ दवेश सोनी खंडवा एवं नटवरलाल सोनी सिलावद का चयन किया गया।

प्रदेश मंत्री पद पर भागीरथ सोनी दादू भीकनगांव, सत्यनारायण सोनी सेंधवा, राजेन्द्र सोनी बड़वानी, शैलेन्द्र सोनी डही, राजेन्द्र सोनी पीथमपुर एवं राधेश्याम सोनी इंदौर को जिम्मेदारी दी गई। महिला प्रदेश इकाई में दुर्गा सोनी बड़वानी को प्रदेश अध्यक्ष व संगीता सोनी इंदौर को उपाध्यक्ष चुना गया।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित



**बड़वानी, ( नवभारत )।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला बड़वानी द्वारा विगत 25 वर्षों से सेवा निवृत शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में 7 सितम्बर को हुए समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर जयति सिंह एवं एसपी पद्म विलोचन शुक्ल, उपस्थित हुए। जिनका भव्य स्वागत शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित गुप्ता ने की। विशेष अथिति के रूप में तहसीलदार राहुल सोलंकी एवं कार्तिक मौर्य तथा सेवा निवृत शिक्षक जीआर सूर्यवंशी थे। सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, बीआरसी सुनीता मोरे, प्राचार्य संतोष मिश्र, दिलीप पाटीदार, आलोक जोशी, संजय अवासीया, भरत पुरोहित ने किया।

### अतिथियों को भेंट किए स्मृति चिह्न

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि जिले में आयोजन में लायंस क्लब बड़वानी सिटी एवं लायन जितेंद्र जैन का विशेष सहयोग रहता है। अतिथियों को स्मृति चिन्ह लायंस क्लब के अध्यक्ष श्रीराम यादव, सचिन शर्मा, मनोज गुप्ता, संतोष मिश्र, एलेक्स थॉमस, मोहन शर्मा ने दिए। कार्यक्रम के बाद सुमधुर संगीत का कार्यक्रम भी हुआ। कार्य्रकम का संचालन अनिल जोशी एवं आभार दिलीप पाटीदार ने व्यक्त किया।



एक नजर में

# औद्योगिक क्षेत्र से निकलने वाले पानी को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**मेघनगर।** उद्योगी क्षेत्र में स्थित कम्पनियों से निकल ने वाले प्रदूषित पानी को लेकर मेघनगर सहित गुजरपाड़ा फुटबाल आमलीपठा अगराल सियापुर के सैकड़ों लोगों ने रैली निकालकर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रदूषित पानी बाहर निकालने वाली कंपनियों को भूल करने के खिलाफ कार्रवाई करनी की मांग की। वहीं पूर्व विधायक कलसिंह भाबर के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधित्व मण्डल भी जन सुनवाई में पहुंचा उक्त प्रतिनिधि मंडल ने दूषित पानी के साथ-साथ उत्तर पानी से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने के साथ साथ मेघनगर की जनता को सुध जल प्रतिदिन प्रदाय की मांगा की । साथ ही विभिन्न समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र स्थाई समाधान हो पर चर्चा की। इस अवसर पर समस्त जिला विकासखंड अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्व. जैन को मरणोपरांत नवकार आराधक रत्न की उपाधि

**झाबुआ।** स्थानीय जैन श्वेतांबर तीर्थ श्री ऋषभदेव बावन जिनालय पर श्री संघ के वरिष्ठ संरक्षक, नियमित भक्तामर साधक, नवकार आराधक एवं जीवदया के प्रति समर्पित रहे स्व. आरएन जैन (रामनारायण जैन) को उनके धर्ममय जीवन, आध्यात्मिक साधना एवं समाजसेवा के उत्कृष्ट योगदान के लिए मरणोपरांत नवकार आराधक रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर धर्मसभा में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पुण्य एवं प्रेरणादायी जीवन का स्मरण किया गया। स्व. श्री जैन ने अपने 77 वर्ष के यशस्वी जीवन में धर्म एवं आध्यात्मिक साधना को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया। वे नियमित रूप से भक्तामर स्तोत्र का पाठ करते थे तथा नवकार महामंत्र के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा थी। इसके साथ ही जीवदया, धार्मिक आराधना एवं सामाजिक सेवा के अनेक कार्यों में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। श्री संघ के रिंकू रूनवाल ने बताया कि पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी मसा की पावन निश्रा में स्व. श्री जैन ने लगातार 20 वर्षों तक अखंड रूप से नव-दिवसीय नवकार महामंत्र आराधना पूर्ण की। साथ ही विगत 15 वर्षों से बावन जिनालय में आयोजित भक्तामर स्तोत्र के पाठ में नियमित रूप से सहभागी रहे। उन्होंने जीवनभर अनेक तप, जप एवं धार्मिक आराधनाओं के माध्यम से अपनी आध्यात्मिक साधना को निरंतर आगे बढ़ाया। धर्मसभा में साध्वी अविचलदृष्टा श्रीजी मसा ने कहा कि नवकार महामंत्र की आराधना आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ माध्यम है। नवकार महामंत्र की आराधना एवं जाप से जीव अपने भीतर सकारात्मक आध्यात्मिक भावों का विकास करता है और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ता है। स्व. आरएन जैन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जैन श्वेतांबर श्री संघ अध्यक्ष संजय मेहता, हस्तीमल संघवी श्री वर्धमान स्थानकवासी श्री संघ से पूर्वेश कटारिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजप्रकाश कोठारी, अनिल राठौर, नरेंद्र संघवी, मुकेश लोढ़ा, समाजसेवी डॉ. यशवंत भंडारी, परिषद् के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश नाकोड़ा, सचिव रत्नदीप सकलेचा, अंतिम जैन, राजेश मेहता, कोषाध्यक्ष उल्लास जैन, सुभाष कोठारी, भरत बाबेल, राजेन्द्र रूनवाल, रमेश छाजेड, सकल व्यापारी संघ से पंकज जैन मोगरा सहित समाज के अनेक गणमान्यजनों ने भावांजलि अर्पित की।

# 36 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद डॉ. जीएस चोयल की विदाई

## सामाजिक संगठन और पत्रकार संघ ने किया सम्मान

**पेटलावद।** शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं में 36 वर्षों तक समर्पित भाव से अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त मेडिकल ऑफिसर एवं एम.एस. जनरल सर्जन डॉ. जी.एस. चोयल के सम्मान में रविवार को पेटलावद में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ क्षत्रिय राठौड़ समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने समाज की ओर से डॉ. चोयल का अभिनंदन कर उनके सेवाकाल को याद किया।



निजी गार्डन में आयोजित हुए समारोह में डॉ. चोयल को सम्मानित करते हुए उनके द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. चोयल ने चिकित्सकीय सेवा को केवल नौकरी के रूप में नहीं, बल्कि मानव सेवा के माध्यम के रूप में निभाया। लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने अनेक जरूरतमंद मरीजों को उपचार एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।आर्यावर्त पत्रकार संघ पेटलावद लॉयंस गेटर क्लब रोटरी क्लब अखिल भारतीय सीरवी महासभा महिला मंडल क्षत्रिय राठौड़ समाज की ओर से जारी अभिनंदन-पत्र में भी डॉ. चोयल की सेवाओं का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उन्होंने पेटलावद को अपनी कर्मभूमि बनाकर वर्षों तक समाज एवं आमजन की सेवा की।

### 1991 में ज्वाइन की सरकारी सेवा

डॉ. चोयल ने 8 मार्च 1991 से शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारी के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेटलावद में सेवाएं दीं तथा वर्ष 2009 में एल.टी.टी. सर्जन के रूप में कार्य प्रारंभ किया। वर्ष 2015 में प्रथम श्रेणी शल्य विशेषज्ञ के पद पर कार्य किया। वर्ष 2019 से 31 अगस्त 2026 तक उन्होंने सिविल अस्पताल पेटलावद में प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभाली। 31 अगस्त 2026 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए डॉ. चोयल का यह सम्मान समारोह उनके लंबे सेवाकाल के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक बना।

# जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक 10 को

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर ने बताया कि आगामी दिनों में गणेश चतुर्थी, तेजा दशमी, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी, नवरात्रि एवं दीपावली सहित विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर रखते हुए जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 10 सितंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित होगी। बैठक में आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# राणापुर में पर्युषण महापर्व का भव्य शुभारंभ

**राणापुर।** श्री श्वेतांबर जैन समाज के आठ दिवसीय पावन पर्यूषण महापर्व का मंगलवार से नगर में गरिमामय वातावरण में शुभारंभ हुआ। पर्व के प्रथम दिन से ही स्थानीय जैन मंदिरों में धर्म-आराधना, जप-तप और भक्ति का माहौल बना हुआ है। दिनभर श्री मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय, श्री आदिनाथ जिन मंदिर एवं श्री सुविधिनाथ जिन मंदिर में दर्शन-वंदन हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।



सुबह मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय में भगवान का भव्य अभिषेक, केसर पूजन एवं आरती का आयोजन हुआ। तत्पश्चात स्नात्र पूजन पढ़ाई गई, जिसमें समाजजनों ने भक्तिभाव से बोलियाँ लगाकर धर्म लाभ लिया। इसमें भगवान का अभिषेक, केसर पूजन और आरती वीरेंद्र रतनलाल नाहर, मंगल आरती और गुरुदेव की केसर पूजन मोतीलाल सालेचा परिवार, दादा गुरुदेव की आरती पवन समरथ मल नाहर, स्नात्र पूजन राजेंद्र कटारिया, शास्त्र की गहुली और प्रभावना चंद्रसेन कटारिया एवं कमलेश कटारिया को मिला। शास्त्र वाचन के लिए पधारे अभिषेक भाई, दर्शित भाई एवं कौशिक भाई का संघ द्वारा स्वागत किया गया।

एक नजर में | पुरखों की स्मृति के साथ होता है समापन, राष्ट्रीय परिसंवाद में हुआ सांस्कृतिक अनुष्ठानों पर विमर्श

# हर-हर महादेव से शुरू होता है अनुष्ठान...

**आलीराजपुर।** भील-मालवा अंचल की समृद्ध जनजातीय एवं लोक परंपराओं, अनुष्ठानों तथा उनसे जुड़ी सांस्कृतिक स्मृतियों को समझने, संरक्षित करने और दस्तावेजीकृत करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर के सभागार में दो दिवसीय परिसंवाद शुरू हुआ।






जानकारी अनुसार परिसंवाद का केंद्रीय विषय चौमासे के जनजातीय एवं लोक अनुष्ठान सांस्कृतिक स्मृति और अभिप्राय है। आयोजन में विशेष रूप से भील एवं मालवा अंचल की लोक-सांस्कृतिक परंपराओं, अनुष्ठानों, लोकविश्वासों तथा उनके सामाजिक-सांस्कृतिक पक्षों पर केंद्रित विमर्श हुआ। यह आयोजन जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, भोपाल द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, क्रांतिकारी शहीद छितुसिंह किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर के सहयोग से किया जा रहा है। परिसंवाद के संबंध में निदेशक डॉ. पारे ने कहा कि किसी एक स्थान पर एकत्र होकर किसी लोक देवी-देवता का किसी उद्देश्य से पूजन किया जाना अनुष्ठान कहलाता है। इन अनुष्ठानों को केवल जानना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इनके पीछे निहित चेतना और सांस्कृतिक भाव को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब भी जीवन में सुख आए तो उसे बांटकर खाना चाहिए और दु:ख आए तो उसे अकेले सहना चाहिए। यही जनजातीय संस्कृति की विशेषता है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मीना सोलंकी ने अकादमी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक इन अनुष्ठानों के नाम ही सुने थे।

### बांस के इस्तेमाल का बताया महत्व

वक्ता मनीषा ने भील-भिलाला समाज में बांस के सदुपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बांस का उपयोग अनेक अनुष्ठानों, रीति-रिवाजों तथा दैनिक जीवन के विभिन्न कार्यों में किया जाता है। इस प्रकार बांस जनजातीय जीवन और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अध्यक्षता कर रहे सुरेंद्र कुमार बारिआ ने चौमासा के अनुष्ठानों में जातर अनुष्ठान के महत्व पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भील समाज में कुछ अनुष्ठान सामूहिक रूप से संपन्न होते हैं, जबकि कुछ अनुष्ठान परिवार एवं घर की परंपरा के अनुसार किए जाते हैं। इन अनुष्ठानों में सामुदायिक सहभागिता और सांस्कृतिक स्मृति का विशेष महत्व है।